

नवभारत
सतना, मंगलवार, 17 फरवरी, 2026
04

# ग्रामवासियों ने स्वयं बनाया गांव के विकास का खाका

## आदर्श गौशाला, संस्कार केंद्र और पुस्तकालय बनेंगे विकास के आधार स्तंभ

नवभारत न्यूज

**सतना 16 फरवरी, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की मंशानुरूप प्रत्येक विकास खंड को पांच सेक्टर में विभाजित कर विकासखंड के हर सेक्टर में एक आदर्श ग्राम बनाने का आवाहन किया गया है जिसके अंतर्गत मझगवां विकास खंड को भी पांच सेक्टर में विभाजित किया गया है.**



इस तरह सेक्टर पांच जैतवारा के ग्राम पंचायत पिपरी टोला को एक मॉडल (आदर्श) ग्राम के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से आज जैतवारा सेक्टर के अंतर्गत सहभागी ग्रामीण समीक्षा (PRA- Participatory Rural Appraisal) की गतिविधि सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान नवांकुर संस्था शिवा ग्रामीण विकास संस्थान के सेक्टर प्रभारी बृजेंद्र सिंह द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपरी टोला के सदस्यों, परामर्श दाताओं ,नवांकुर संस्थाओं, सी यम सी एल डी पी छात्रों ,स्व सहायता समूह की बहनों ,पंचायत प्रतिनिधियों और बडी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गांव के भविष्य की रूपरेखा तैयार की।

**इन प्रमुख मुद्दों पर बनी कार्ययोजना** – बैठक में गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सात प्रमुख बिंदुओं पर सहमति बनी जिसमें आदर्श गौशाला- गोबर से दीपक, गमले और जैविक खाद निर्माण कर स्थानीय महिलाओं को रोजगार से जोड़ना।

**संस्कार केंद्र** – नई पीड़ी को नैतिक मूल्यों, योग और भारतीय संस्कृति से जो?ने हेतु नियमित केंद्र का संचालन। ज्ञान का केंद्र पुस्तकालय - युवाओं के लिए वाचनालय सह आधुनिक पुस्तकालय की स्थापना।

**हरित पिपरी टोला** -ग्राम पंचायत पिपरी टोला में नवांकुर संस्था के सहयोग से प्रस्फुटन समिति की अपनी नर्सरी की स्थापना और घर-घर फलदार , छायादार और जड़ी बूटियों वाले पौधों नर्सरी और नवांकुर सखियों और ग्राम के लोगों को उनकी मांग अनुसार पौधों का वितरण।

**सुशासन** – शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।

**प्रस्फुटन समिति का क्षमता वर्धन**- गतिविधि के दौरान प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के क्षमता वर्धन पर जोर दिया गया, ताकि वे ग्राम विकास की योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से कर सकें। समिति के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे %योजना मित्र% के रूप में घर-घर जाकर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाएंगे। आदर्श ग्राम केवल बुनियादी सुविधाओं से नहीं, बल्कि वैचारिक और सांस्कृतिक समृद्धि से बनता है। पिपरी टोला में शुरू हुई यह पी.आर.ए. गतिविधि इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों ने गांव को स्वच्छ, शिक्षित और नशामुक्त बनाकर (आदर्श ग्राम) की श्रेणी में लाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बद्रीश सेवा संस्थान से राम प्रकाश त्रिपाठी,परामर्शदाता अनुराग त्रिपाठी, प्रभा दाहिया, रंग लाल मवासी, शिखा सिंह छात्रों में से नीशू देवी,शिवा सिंह,हेमंत सिंह,मनीष कुशवाहा,अरविंद विश्वकर्मा, सुमित्रा विश्वकर्मा, भईयन विश्वकर्मा,अच्छे लाल सोनम, केश कली, राम प्रसाद आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### ग्रामीणों ने जमीन पर उकेरा गांव का नक्शा

पी.आर.ए. गतिविधि के दौरान (सोशल मैपिंग) के माध्यम से ग्रामीणों ने गांव की भौगोलिक स्थिति और उपलब्ध संसाधनों को जमीन पर नक्शा बनाकर प्रदर्शित किया। इसमें गांव की समस्याओं को चिन्हित किया गया और उनके समाधान हेतु चर्चा की गई।



# अधिवक्ताओं ने जताया विरोध

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 16 फरवरी, शिवपुरी जिले में अधिवक्ता की गोलीमारकर की गई निर्मम हत्या को लेकर अमरपाटन अधिवक्ता संघ में भारी आक्रोश व्याप्त है .**

अमरपाटन तहसील के अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर हत्या के आरोपियों के लिए कड़े से कड़े दंड की मांग को लेकर प्रदर्शन किया अधिवक्ताओं ने आज स्थ्हरूअमरपाटन को शिवपुरी जिले के करेरा में अधिवक्ता संजय सक्सेना की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में ज्ञापन सौंप कर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग किया साथ ही अधिवक्ताओं पर होने वाले गंभीर हमलों की रोकथाम हेतु कड़े कानून बनाने की मांग किया साथ ही अधिवक्ता साथी श्री संजय सक्सेना जी को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया और अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या करने के विरोध में अधिवक्ता संघ अमरपाटन द्वारा श्रीमान एसडीएम महोदय अमरपाटन को मुख्यमंत्री के नाम अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजना एवं अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा गया यदि यदि अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार नहीं किया जाता तो अधिवक्ताओं द्वारा होना अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल की जाएगी जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी

# महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ जैतवारा

## भक्ति, अध्यात्म और साहित्य के संगम से सजा भव्य कवि सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**सतना 16 फरवरी, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा जैतवारा नगर में भव्य एवं दिव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भक्ति, अध्यात्म और साहित्य का अद्भुत संगम बनकर नगरवासियों के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया।**



संपूर्ण जैतवारा शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की आकर्षक झांकी के साथ हुई। झांकी का नगर में भव्य भ्रमण कराया गया, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न की गई, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। अतिथियों का स्वागत बैच एवं चंदन तिलक लगाकर आत्मीयता के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एवं प्रतिवेदन ब्रह्माकुमारी बहन मीरा द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व आत्मजागृति, सकारात्मक चिंतन और जीवन में दिव्य प्रकाश का संकल्प लेने का संदेश देता है। इसके कवि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। संत कवि अक्षय शुक्ला ने मां वाणी वंदना "ऐ मां मुझे प्यार दे, जीवन अंधियारे पथ का है कब प्रकाश विखराओगी, चरणों में पड़ा हूं ज्ञान का भंडार देज्" जैसी मार्मिक पंक्तियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। हमारे घर-आंगन (नयागांव) की बेटी एवं राष्ट्रीय कवयित्री कृपा संगम ने अपनी ओजस्वी और संवेदनशील प्रस्तुति से सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट ने सभागार को देर तक गुंजायमान रखा। हास्य कवि ठाकुर इलाहाबादी ने "खुद को कमजोर कहना गलत बात है, बुलाती रही अब आ गए प्रभुज्" जैसी रचनाओं के माध्यम से आत्मविश्वास और भक्ति का संदेश देते हुए वातावरण में हास्य और प्रेरणा का समावेश किया। वहीं राष्ट्रीय कवि सुरेश केशरवानी ने "कुछ रहे न रहे, खुश तो रहोज्" जैसी संवेदनशील पंक्तियों के माध्यम से सामाजिक सरोकार, मानवीय मूल्यों और सकारात्मक सोच का संदेश दिया।

उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं को गहन चिंतन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सरपंच संघ मझगवां के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह (सरपंच, झरी), मनीष त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष जैतवारा , बृजेंद्र सिंह संस्थापक सदस्य, शिवा ग्रामीण विकास संस्थान, नागेंद्र सिंह कोनियां, कमलेश कुमार गौतम, रमेश शुक्ला, मनोज, सुरेश नामदेव आदि उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों एवं सभी कवियों को शाल, मिष्ठान एवं शिव बाबा की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। मनोज ने आभार व्यक्त किया।

### श्री गैवी नाथ धर्मशाला बिरसिंहपुर में नि:शुल्क नेत्र 20 को

**सतना 16 फरवरी,** भटनवारा वाले अग्रवाल परिवार द्वारा निर्मित श्री गैवीनाथ जी धर्मशाला बिरसिंहपुर द्वारा 20 फरवरी शुक्रवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया है। यह शिविर मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की अगुवाई एवं श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड चित्रकूट के सहयोग से समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल भटनवारा वालों के मार्गदर्शन में धर्मशाला परिसर में संपन्न होगा ।नेत्र शिविर में बिरसिंहपुर क्षेत्र के अलावा दूर दराज ग्रामीण इलाके के लोग भी विगत 14 वर्षों से लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# श्री रुद्र महायज्ञ में लाखों भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

- आयोजक रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया





नवभारत न्यूज

**नागौद 16 फरवरी, शिवराजपुर सतना से 12 दिवसीय 22वें वार्षिक महोत्सव की पूर्णाहुति में 4 पहर के महारुद्राभिषेक के बाद हवन चार वेद, छह शास्त्र, 18 पुराण उप महापुराण, महामृत्युंजय, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का समापन हुआ।**

यजमान चंद्रशेखर त्रिपाठी ने बताया कि इस आयोजन की रूपरेखा 6 माह पहले तय की जाती है और मूर्तरूप देने में 2 महीने की कड़ी मेहनत से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होता है। आयोजक उद्योगपति धर्मवीर पं. रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने बताया कि दहलान धाम सरकार की कृपा से इन 12 दिनों में भारतवर्ष के महान संतों के चरणरज शिवराजपुर सहित पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, शारदापीठ द्वारिकापुरी शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज, सभी अखाड़ों के महामंडलेश्वर, जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज, जगद्गुरु रामललाचार्य पाथमेड़ा धाम गौशरणआनंद जैसे दिव्य महान विभूतियों के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। पंडित निर्मल कुमार शुक्ला जी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा रसपान कर सभी धन्य हुए। महाप्रसाद विशाल भंडारा के साथ यह आयोजन सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं ने आनंदपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। पं. रुद्र प्रताप त्रिपाठी , चंद्रशेखर त्रिपाठीऔर गोविंदा गर्ग ने सभी पत्रकार बंधुओं, गणमान्य नागरिकों, क्षेत्र वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# युवाओं में खेल भावना एक दिन का नहीं, बल्कि दिनचर्या में होना चाहिए शामिल : विक्रम सिंह

## ठाकुर कृपाल सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार समापन, चोरहटा बना विजेता

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 16 फरवरी, ग्राम पंचायत सोनौरा, तहसील रामपुर बाघेलान में आयोजित ठाकुर कृपाल सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता समापन विगत दिवस विधायक विक्रम सिंह विक्की के मुख्य आतिथ्य में हुआ।**



फाइनल मुकाबला चोरहटा बनाम खरवाही के बीच खेला गया। जिसमें 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास का आधार है। युवाओं में खेल भावना एक दिन का नहीं, बल्कि उनकी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने आयोजक पंकज सिंह ठाकुर रहे की सराहना किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शशांक सिंह बघेल, ग्राम पंचायत सरपंच दीप्ति द्विवेदी, राकेश सिंह, इटमा सरपंच धर्मेंद्र सिंह बघेल, जनार्दन सिंह परिहार, धर्मदास शास्त्री, मुन्नीलाल द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, अभय तिवारी, अनिल द्विवेदी, शिवशंकर नामदेव, प्रमोद सेन, अंकित केवट, सौरभ द्विवेदी, नीरज तिवारी, साहिल द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विजेता टीम चोरहटा को 17,000 नगद, 2 ट्रैक सूट, लगातार 2 विकेट लेने वाले खिलाड़ी को 1,100 तथा अतिरिक्त 1,100 प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। उपविजेता टीम को 8,000 नगद एवं अन्य सहयोगियों की ओर से 3,300 की अतिरिक्त राशि दी गई।

# चित्रकूट की रेमा श्रीवास्तव बनी सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव

- सपाईयों व समर्थकों में खुषी की लहर

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 16 फरवरी , समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और अनुमति से चित्रकूट की राजा परिवार कि रेमा श्रीवास्तव को समाजवादी महिला सभा के राष्ट्रीय सचिव पद से महासचिव मनोनीत किया है।**



श्रीमती श्रीवास्तव के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत होंने से सपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर है ।महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने चित्रकूट की रेमा श्रीवास्तव को सपा महिला सभा का महासचिव मनोनीत करते हुए कहा कि आपको समाजवादी पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार व संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। साथ ही यह विश्वास के साथ अपेक्षा की जाती है कि आप अपने पद और कर्तव्य की गरिमा के अनुरूप पार्टी के प्रति कार्य करेंगी। साथ ही देश और प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सिद्धांतों,नीतियों,विचारों और उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगीं। जिससे समाजवादी पार्टी और संगठन को और अधिक मजबूती मिल सकेगी। वहीं इस मनोनयन से उत्साहित रेमा श्रीवास्तव ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेष यादव सर्वसमाज के नेता है। सपा मुखिया अखिलेष यादव के नेतृत्व में 2027 में यूपी में पूर्ण बहुमत के साथ सपा की सरकार बनेगी। उन्होने कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों और साम्प्रदायिकता की राजनीति से त्रस्त हो चुकी है। उन्होने कहा कि पूरी ताकत के साथ गांव-गांव एवं आमजन मानस के बीच जाकर वह सपा की नीतियों का प्रचार करेंगी। उन्होने इस मनोनयन के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेष यादव व महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह का आभार जताया है। इनकी नियुक्ति पर पूर्व मंत्री व्यासजी गौड़ महिला सभा प्रदेशाध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव मप्र के प्रदेश अध्यक्ष डा. मनोज यादव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामायन सिंह पटेल डॉ.निर्भय सिंह पटेल पूर्व लोहिया वाहिनी प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय सचिव एजाज सिद्दीकी जिला सचिव सत्य नारायण पटेल चित्रकूट जिला अध्यक्ष शिव शंकर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष आर के कुरील उपाध्यक्ष गुलाब खान जिला उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति पूर्व विधान सभा अध्यक्षजगदीश यादव जिला उपाध्यक्षश्याम बिहारी यादव पूर्व ब्लाक प्रमुखमदन त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष आदि पार्टी के पदाधिकार कार्यकर्तागण व शुभचिंतकों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं.

# छोटी अयोध्या में संपन्न हुआ शिव विवाहोत्सव

नवभारत न्यूज

**रामनगर 16 फरवरी, हर बार की भाती महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जनमानस एवं भक्तजनों के द्वारा देवराज नगर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । परम पिता शिवशंकर एवं माता पार्वती के विवाहोत्सव में बारात का कार्यक्रम बड़ी धूम धाम से अयोजित किया गया।**



देवरा प्रयाग न्यास के महंत श्री राघव प्रारनाचार्य की अगुवाई में ढोल नगाड़ों एवम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संगीतमय प्रस्तुति का आयोजन भी किया गया मथुरा वृंदावन की झाकियों एवम लोकनृत्य संगीत ने पूरे रामनगर में भ्रमण किया किया आदिवासी समुदाय ने कलश के साथ बारात का स्वागत किया गया साथ में कन्या पूजन का आयोजन भी किया इस ऐतिहासिक कार्यकम में विंध्य के साथ पूरे मैहर एवं सतना जिले के भक्तजन ने महाशिव पर्व का भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया शानदार संगीत एवम लोकनृत्य ने रामनगर एवम देवराज नगर में दिल जीत लिया। कार्यकम में कुंवर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह कुंवर विष्णु प्रताप सिंह भंवर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रमादित्य सिंह गिन्नी भईया विनीत पांडेय सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल दिनेश पटेल जीतू सिंह पुलिस अधीक्षक मैहर जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह दिनेश शुक्ला सरपंच कृष्ण प्रताप सिंह प्रिंस राजेश शुक्ला, सूरज गुप्ता, रामसुशील पटेल पूर्व अध्यक्ष, दीपक गुप्ता, अर्जुन सोनी, महेंद्र कुशवाहा, अनीता रामू गुप्ता सरपंच, दीपक सोनी, बाबा विश्वनाथ पटेल, छोटू सुनील सिंह गोड, सफीउल्ला खान भी रहे इस आयोजन में लगभग 15000 से 25000 भक्तजन के प्रसाद की व्यवस्था आयोजक मंडल द्वारा की गई।

# महाशिवरात्रि में निकली शिव की बारात

## हर्षोल्लास के साथ शामिल हुए लोग

नवभारत न्यूज

**कोठी 16 फरवरी, महाशिवरात्रि के पावन पर्व के शुभ अवसर पर कोठी नगर में भी लोगों ने हर्षोल्लास के साथ पर्व को मनाया ।**



भगवान की पूजा अर्चना कर शिव पार्वती की बारात निकाली गई जिसमें दिव्य भव्य सजे हुए रथ में प्रभु भोलेनाथ की आकर्षक झांकी आकर्षण का केंद्र रही,जिसमें माता पार्वती भी साथ है और लोग रंग बिरंगे कपड़े पहनकर नाचते गाते झूमते हुए जा रहे हैं कोठी बस स्टैंड से होकर गुप्ता कॉलोनी होते हुए बाजार का भ्रमण कर नगर में शिव की बारात निकाली गई यह आयोजन नगर वासियों द्वारा किया गया जिसमें बड़े ही भावपूर्वक उत्साह के साथ लोगों ने भगवान की पूजा अर्चना करते हुए भगवान की बारात में शामिल हुए और महाशिवरात्रि का उत्सव मनाया गया इस दौरान सभी को प्रसाद भी वितरित किया गया कोठी नगर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पहली बार इस तरह का आयोजन नगर वासियों द्वारा किया गया जो देखते ही बनता था प्रभु भोलेनाथ एवं माता पार्वती की दिव्य भव्य आकर्षक झांकी लोग देखकर मंत्र मुग्ध हो गए।

# रजरवार में जल संकट गहराया, हैंडपंप उगल रहे हवा

## शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

नवभारत न्यूज

**कोटर 16 फरवरी, ग्रामीण क्षेत्रों में पानी को लेकर ग्रामीण अभी से ही परेशान हो रहे हैं। पीएचई विभाग के ठेकेदार द्वारा बिगड़े हैंडपंपो का सुधार न करने से लोग परेशान हैं लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है।**



यह मामला सतना जिले के कोटर क्षेत्र के रजरवार गांव में गर्मी की आहट के साथ ही पेयजल संकट गहराने लगा है। गांव में लगे अधिकांश हैंडपंपों से पानी की जगह हवा निकल रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के पास लगा हैंडपंप भी खराब पड़ा है। उसके पाइप में खराबी आने से पानी नहीं निकल पा रहा है। बच्चे और आसपास के लोग रोज पानी के लिए भटक रहे हैं। गांव में बनी पानी की टंकी भी केवल शोपीस बनकर रह गई है, जिससे जल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने करीब एक माह पहले 181 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ जल संकट और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हैंडपंपों की मरम्मत एवं नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप खराब होने के कारण हम लोगों को एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है जिससे हम लोग परेशान हो रहे हैं कोई सुनने को तैयार नहीं है।



# हवन उपरांत भक्तों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

नवभारत न्यूज

**कोठी 16 फरवरी,** गोरइया के सती माता मंदिर प्रांगण हुई संगीतमय श्री राम कथा का विश्राम के बाद समिति द्वारा आज सोमवार को पूजन हवन उपरांत कन्या भोजन के साथ भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वासी सहित आसपास के क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया जिसमें महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग राजनीतिक सामाजिक सभी लोग शामिल रहे और अपनी सहभागिता निभाई।